<u>बिहार सरकार</u>

<u>ग्रामीण कार्य विभाग</u>

<u>सकारण आदेश</u>

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–66/2026 5174 /पटना, दिनांक– 29.4.26

संवेदक AL Krishna Construction Private Limited (Reg. No. 1200063), Add:- Vill Mohanpur Ishar, P.O- Panapur Dharmpur, P.S- Bidupur, Dist-Vaishali, Bihar Pincode: 844102 को कार्य प्रमंडल, दलसिंहसराय के अधीन MR (3054) योजनान्तर्गत **Khajuri Se Chakahlad Tak** पथ का निर्माण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा संख्याः–**02/MBD/2019-20** के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 17.12.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 16.09.2020 था। संदर्भित पथ की वास्तविक कार्य समाप्ति की तिथि 04.04.2022 है।

एकरारनामा के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् पाँच वर्ष तक रूटीन अनुरक्षण कार्य करने का एकरारनामा किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दलसिंहसराय द्वारा लिखित एवं मौखिक निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी संदर्भित पथ का पंचवर्षीय रूटीन अनुरक्षण का कार्य किये जाने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

साथ ही संदर्भित पथ की जॉच कार्यपालक अभियंता, निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा दिनांक 13.02.2026 की गयी। जॉचोपरान्त पाया गया कि " पथ में सीताराम भवन के पास तथा चंदेल के घर के पास पथ में Stone metal एवं Stone dust से पथ के क्षतिग्रस्त भाग को मरम्मति किया हुआ पाया गया, किन्तु उसके ऊपर Bituminous Surface किया हुआ नहीं पाया। पथ के Shoulder में अधिकांश स्थानो पर Bushes पाये गये, कुछ स्थलों पर Shoulder क्षतिग्रस्त पाया गया आबादी वाले क्षेत्र में कुछ स्थलो पर BT Surface का edge टूटा हुआ पाया गया। पथ पंचवर्षीय अनुरक्षण के अवधि चतुर्थ वर्ष में है। पथ में पाये गये त्रुटि से परिलक्षित है कि संवेदक द्वारा पथ का समुचित रख–रखाव नहीं किया जा रहा है।"

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दलसिंहसराय के ज्ञापांक 124 दिनांक 20.01.2026 द्वारा एकरारनामा संख्याः–**02/MBD/2019-20** को विखंडित करते हुए संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु उचित माध्यम से अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 2935 दिनांक 09.03.2026, एवं पत्रांक 4118 दिनांक 02.04.2026 द्वारा संवेदक AL Krishna Construction Private Limited (Reg. No. 1200063) से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, जो अब तक अप्राप्त है। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं कंडिका 11(ख) (ii) के आलोक में संवेदक AL Krishna Construction Private Limited (Reg. No. 1200063), Add:- Vill Mohanpur Ishar, P.O- Panapur Dharmpur, P.S- Bidupur, Dist-Vaishali, Bihar Pincode: 844102 के निबंधन संख्याः–1200063, **PAN No. AAICA6658D** को अगले 04 (चार) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

28.04.26

(जय किशोर ठाकुर)

अभियंता प्रमुख

P.T.O

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–66 / 2026 5174 / पटना, दिनांक– 29.4.26

प्रतिलिपि– संवेदक AL Krishna Construction Private Limited (Reg. No. 1200063), Add:- Vill Mohanpur Ishar, P.O- Panapur Dharmpur, P.S- Bidupur, Dist-Vaishali, Bihar Pincode: 844102 को सूचनार्थ प्रेषित।

28.04.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–66 / 2026 5174 / पटना, दिनांक– 29.4.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.04.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–66 / 2026 5174 / पटना, दिनांक– 29.4.26

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

28.04.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–66 / 2026 5174 / पटना, दिनांक– 29.4.26

प्रतिलिपि–नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.04.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–66 / 2026 5174 / पटना, दिनांक– 29.4.26

Website

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

28.04.26

अभियंता प्रमुख